



## एक नजर में

### तेजा दशमी पर्व पर क्षेत्र में धूमधाम से मना



**पेटलावद।** नगर में मंगलवार को तेजा दशमी पर्व धूमधाम से मनाया। पंपावती नदी के तट पर स्थित तेजाजी मंदिर राजपुरा स्थित तेजाजी मंदिर पर सुबह से ही भक्तों का तांता लगा। सुबह से मंदिर में तांती निकालने का क्रम चल रहा है। इसके साथ ही निशान यात्रा नगर के मुख्य मार्ग से निकाली गई।

नगर के मुख्य मार्गो से निकली निशान यात्रा का स्वागत नागरिकों ने किया और तेजाजी महाराज का आर्शीवाद लिया। इस मौके पर सोहन राठौड पेटलावद द्वारा अपना मन्नत पूरी होने पर तेजाजी महाराज को चांदी की बैलगाडी समर्पीत करी। प्रसादी का वितरण किया। इसके साथ ही रात्रि जागरण करते हुए तेजाजी नाटय कथा के माध्यम से आमजन को श्रद्धा और भक्ति को बढावा दिया। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने रात्रि जागरण कर सुबह भगवान का आर्शीवाद लिया।

तेजाजी महाराज को लोकदेवता के रूप में पूजा जा रहा है। हर साल तेजा दशमी पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु इनकी पूजा करते हैं। जिन लोगों ने सर्पदंश से बचने के लिए तेजाजी के नाम का धागा बांधा होता है, वे मंदिर में पहुंचकर धागा खोलते हैं और छतरी चढ़ाकर पूजा करते हैं।देर शाम तक मंदिर पर दर्शनार्थीयों की भीड लगी रही।

### धूमधाम से मनाया अजजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का जन्मदिन

**मेघनगर . भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कलसिंह भाबर का 57 वा जन्मदिन मेघनगर मदरानी नोगावा मण्डल के कार्यकर्ताओं ने स्थानीय साईं चोराहा पर साल श्री फल साफा बांध कर पुष्प माला से भाबर का स्वागत कर शुभकामनाएं दी ।**

मेघनगर मण्डल अध्यक्ष रुपसिंह भूरिया मदरानी मण्डल अध्यक्ष सोमेस भुरीया नोगावा मण्डल अध्यक्ष लालचंद देवल भाजपा नेता मुकेश मेहता राजु डामोर प्रेमसिंह बसोड किलीया सरपंच भाविक बारोट अशोक बसेर हेलेन खराड़ी शंकर मेड़ा प्रदिप वसुनीया बालु चरपोटा भारत सिंह नायक फारुक शैरानी केलाश अमलियार, बादल भुरीया, सुखराम मेड़ा ,संजय श्रीवास, राजेश वागरेचा, कमजी डामो,र मोहन प्रजापति सहित बड़ी संख्या मे कार्यकर्ता उपस्थित थे.

### महाविद्यालय में कंप्यूटर प्रशिक्षण का समापन



**झाबुआ। दिलीपसिंह भूरिया शा. आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय झाबुआ में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य पीके उछावर के मार्गदर्शन में सारा सेवा संस्थान समिति के माध्यम से एक माह का अल्पावधि रोजगार मूलक कंप्यूटर प्रशिक्षण संपन्न कराया गया। कार्यक्रम का समापन महाविद्यालय के प्राचार्य उछावर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।**

इस अवसर पर सारा सेवा संस्थान समिति के अध्यक्ष जिमी निर्मल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे, उन्होंने बताया की आज का युग सूचना क्रांति का युग है। शासकीय क्षेत्रों और निजी क्षेत्र में यदि आपको रोजगार चाहिये तो कंप्यूटर का ज्ञान नितांत आवश्यक है, इसलिए प्रत्येक विद्यार्थियों के लिए कंप्यूटर कोर्स करना आवश्यक है। परिधि सोढ़ी ने प्रशिक्षक के रूप में विद्यार्थियो को कुशल प्रशिक्षण प्रदान किया। एक माह का कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम 4 अगस्त से शुरू हुआ और 2 सितंबर को समापन हुआ।

इसमें महाविद्यालय के 33 विद्यार्थियों ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया, सभी प्रशिक्षुओं को प्रमाण-पत्र और उपयोगी किट प्रदान किए गए। कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ पूजा बघेल ने प्रशिक्षण की संपूर्ण जानकारी देकर भविष्य में रोजगार के अवसरों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रो मुकेश बघेल, डॉ राकेश बघेल, प्रो मुकेश सूर्यवंशी, डॉ बीएस निंगवाल, प्रो करिश्मा आवासे, प्रो जितेंद्र कोरव, प्रो जितेंद्र नायक, प्रो योगेश जायसवाल, प्रो अंतिमबला, प्रो रंगारी डोडवा, प्रो मध्यप्रदेशसिंह आदि उपस्थित थे। संचालन प्रो. प्रगति मिमरोट ने किया। आभार डॉ दिलीप कुमार परसेंडीया ने माना।

### कलेक्टर ने मूक बधिर बच्चों के साथ मनाया गणेशजी का त्यौहार



**झाबुआ। कलेक्टर नेहा मीना द्वारा डीडीआरसी प्रांगण में स्थित चाइल्ड विथ स्पेशल नीड्स के हॉस्टल का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर द्वारा गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी हॉस्टल में गणेश चतुर्थी के अवसर पर गणेश मूर्ति स्थापना के दौरान पूजा और आरती में सम्मिलित हुए।**

गणेश चतुर्थी के प्रति बच्चों में उत्साह देखते ही बनता हैं। उन्होंने प्रथम पूज्य देव भगवान श्री गणेश की पूजा-अर्चना कर गणपति स्थापना की। मूकबधिर छात्रों ने कलेक्टर का सांकेतिक भाषा में अभिनंदन किया। इस पर कलेक्टर द्वारा भी सांकेतिक भाषा में उनका अभिवादन स्वीकार किया। बच्चों द्वारा बनाये गये मिट्टी की गणेशजी की सराहना की। कलेक्टर द्वारा बच्चों के साथ भोजन की गुणवत्ता का भी जांच की। कलेक्टर द्वारा लाइट नहीं होने पर बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था के लिए इनवर्टर की बैटरी लगाने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराये जाने के निर्देश दिए। इस दौरान हॉस्टल के संचालक एवं स्टाफउपस्थित था।

# विभिन्न मंदिरों में हुए आयोजन, निकाली शोभायात्रा

## धूमधाम से श्री राधा कृष्ण सरकार पर ढोल ग्यारस का महोत्सव संपन्न

**झाबुआ। नगर के हदय स्थल राजवाडा चौक के निकट स्थित अति प्राचिन श्रीराधाकृष्ण सरकार मंदिर पर जलझुलनी ढोल ग्यारस महोत्सव मनाया गया।**

मंदिर के मंहत अजय बैरागी और मनीष बैरागी ने बताया की सकल हिंदु समाज का गौरवशाली पर्व ढोल ग्यारस धार्मिक आयोजन में भगवान विष्णु एवं श्रीकृष्ण की चलित प्रतिमाओ का प्रात: केशर, चंदन, जलाभिषेक, मंत्रोउच्चार के साथ पूजन किया गया। ततपश्चात तुलसी सेवा समिति प्रमुख देविका बैरागी, निशा बैरागी, कविता बैरागी, कृष्णा सोनी, दिपा सोनी ने माता यशोदा का जलवा पूजन किया, जो भगवान श्रीकृष्ण जन्म के 11 दिन बाद आता है। पश्चात सायं 5 बजे नगर की धर्मप्रेमी जनता के साथ नगर के मुख्य मार्ग से भगवान लड्डुगोपाल को पालकी में बिठाकर शोभायात्रा निकाली गई जो शहर के बहादुर सागर तालाब पहुंच कर जल स्थान व आरती के बाद पुन मंदिर लाई गई।





ढोल यात्रा में नगर के भक्तजन मिलकर नृत्यगान करते चल रहे थे। मंहत मनीष बैरागी ने बताया की डोल ग्यारस केवल एक वत्र नहीं बल्कि आस्था, उत्सव और भक्ति का प्रतीक है।

इस दिन भगवान विष्णु और श्रीकृष्ण की पूजा कर तथा उपवास रखकर भक्तजन सुख, शंति और समृद्वि की कामना करते है। मंदिर के मंहत अजय बैरागी की तपस्वी माता देविका बैरागी ने डोल ग्यारस को परिवर्तिनी एकादशी के बारे में बतायो कि सनातन धर्म की हिंदू मान्यता अनुसार इस दिन माता यशोदा ने बालक श्रीकृष्ण का जलवा पूजन किया था और भगवान श्री कृष्ण के वस्त्र धोये थे, इसलिए इस एकादशी को डोल ग्यारस भी कहते है। इस व्रत के प्रभाव से पापो का नाथ होता है और जीवन में सुख, समृद्वि आती है। इस आयोजन को सफल बनाने में देविका बैरागी, निशा बैरागी, कविता बैरागी, कृष्णा सोनी, दिपा सोनी, मंजुला सिसौदिया, सीमा सिसौदिया, दिपशिखा तिवारी, कृष्णा तिवारी, अंजु सोनी, राजकुमारी सोनी, स्वीटी सोनी आदि का सहारहनीय सहयोग रहा।

**दशा नीमा समाज ने निकाला चल समारोह-** दशा नीमा समाज द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शहर के श्री चारभुजानाथ मंदिर में डोल उत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें 3 सितंबर की शाम 6.30 बजे से मंदिर से चल समारोह आरंभ हुआ, जो रात्रि में बहादुर सागर तालाब पहुंचने पर यहां पूजन एवं आरती संपन्न हुई। नीमा समाज अध्यक्ष मनीष कोठारी एवं सचिव राकेश शाह ने बताया कि चल समारोह में मुख्य आकर्षण छोटे बच्चों की झांकी, महिला सशक्तिकरण पर सुंदर प्रस्तुति एवं श्री चारभुजानाथजी विशेष रथ पर विराजमान रहे। यह चल समारोह सुभाष मार्ग से आज़ाद चौक, बाबेल चौराहा, राधाकृष्ण मार्ग, राजवाड़ा होते हुए बड़ा तालाब पहुंचा। जहां तालाब पर रात्रि में पूजन एवं आरती की गई। ढोल यात्रा में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।

**सोनी एवं माहेश्वरी समाज ने भी निकाला डोल-** राधाकृष्ण मार्ग स्थित श्री मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार मंदिर में सोनी समाज एवं श्री लक्ष्मीनाथ मंदिर से माहेश्वरी समाज द्वारा शहर में बैंडबाजों और ढोल-धमाकों के साथ भगवान का डोल निकाला, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बडा तालाब पहुंचने पर यहां पूजन की गई। बाद मंदिर में भी आरती एवं प्रसादी का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में समाजजनों की उपस्थिति रहीं। शाम को बारिश की वजह से सभी समाजों के डोल देरी से निकले।



### भगवान श्री कृष्ण डोला मूसलाधार बारिश में निकला

**मेघनगर.** भारत का पवित्र त्यौहार डोल ग्यारस का डोला निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज शंकर मंदिर से बरसते पानी में निकला गया।आज सुबह से ही बरसात रुकने का नाम ही नहीं ले रही है भागवत समिति ने गिरते पानी में डोला निकालने का निर्णय लिया।भगवान की डोल यात्रा शंकर मंदिर से आजाद चौक बस स्टैंड भंडारी चौराया से बड़े तालाब में जाकर यात्रा का समापन हुआ पूज्य महंत। 108 श्री बद्री दास महाराज भगवान कृष्ण की विधिवत पूजा अर्चन कर महाआरती के साथ गांव वालों के लिए खुशहाली की प्रार्थना की भगवान की डोल यात्रा का जगह जगह भक्तों द्वारा डोलयात्रा का फूल हार से। स्वागत किया। गिरते हुए पानी में ग्राम की महिलाओं ने विधि विधान से नगर भ्रमण के लिए निकले भगवान कृष्ण की पूजा अर्चनाकी । डोल यात्रा में शंकर मंदिर के पुजारी रामलाल दास मधु खंडेलवाल दिलीप प्रजापत अशोक केवट राहुल प्रजापत दक्ष पड़ियार तथा भगवतती प्रजापत उपस्थित रहें भगवान कृष्ण की डोल यात्रा में उपस्थित महिलाएं गिरते पानी में भजन गाती हुई चल रही थीं गिरता हुआ पानी भी उनके जोश एवं आनंद।को रोक नहीं पाया।

## इस जगत में भगवत कृपा के बिना कुछ भी संभव नहीं : पं . शर्मा

**झाबुआ।** स्थानीय श्री विश्व शांति नवग्रह शनि मंदिर परिसर में श्री पद्मवंशीय मेवाडा राठौर तेली समाज द्वारा सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के दुसरे दिन व्यास पीठ पर विराजमान प्रख्यात कथा वाचक पं. विनोद शर्मा ( भदवासा वाले) ने कहा की भागवत कथा श्रवण मात्र से पाप से मुक्ति मिलती है, कथा जिस स्थान पर कथा होती है वहां भगवान विराजमान होते हैं। भगवन नाम के जाप से सारी विपत्ति नाश हो जाती हैं। इस जगत में भगवत कृपा के बिना कुछ भी संभव नहीं है। मनुष्य को समाज में अच्छे काम करना चाहिए। भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है की कर्म ही प्रधान है, बिना कर्म कुछ संभव नहीं होता है, जो मनुष्य अच्छा व सत्कर्म करता है उसे अच्छा फल मिलता है व बुरे कर्म करने वाले को हमेशा बुरा फल मिलता है। इसलिए सभी को अच्छे कर्मो के प्रति आकृष्ट होना चाहिए। उन्होने कहा कि मनुष्य की बात भले ना माने लेकिन वेदों की बात मानना चाहिए। देवता



अमर नही कर सकते लेकिन आयु बढाते है। उन्होंने आगे कहा कि एक मार्ग दमन का है तो दूसरा उदारीकरण का। दोनों ही मार्गो में अधोगामी वृत्तियां निषेध हैं। उन्होने कहा कि धन को धर्म के लिए कमाए और उसका सही जगह उपयोग करे। कथा में राजा बली की संपति दान, 24 अवतार की कथा का भी सुंदर वर्णन करते हुए कहा कि भागवत कथा एक ऐसा अमृत है कि इसका जितना भी पान किया जाए आत्मा की तृप्ति नहीं होती है। भागवत के श्रोता के अंदर जिज्ञासा और श्रद्धा होनी चाहिए। परमात्मा दिखाई नहीं देता है पर वह हर किसी में बसता है। कथा में विभिन्न प्रसंगों के दौरान भजनों की सुंदर प्रस्तुति भी दी गई, जिस पर श्रोता झुमने लगे। कथा के अंत में दुसरे दिन के लाभार्थी राठौर समाज झाबुआ के श्री नवयुवक मित्र मंडल के सदस्यों ने भागवतजी की आरती की बाद भक्तों को प्रसादी का वितरण किया।

### शिविर के समापन अवसर पर दिव्यांग बालिका के साथ अतिथियों ने किया पौधारोपण

पेटलावद। भारतीय पत्रकार संघ, डॉ दादू महाराज संस्थान पेटलावद और सांवरिया मित्र मंडल पेटलावद के द्वारा स्व. शंकुतला जी मुथा की स्मृति में पौधारोपण करवाया गया। इस मौके पर एसडीओपी अनुरक्ति सबनानी ने पौधारोपण करते हुए कहा कि पौधे हमारे जीवन में एक महत्वपूर्ण स्थान रखते है। हमें पौधारोपण कर उन्हें बडा करना चाहिए ताकी आने वाली पीढी को प्रकृति का उपहार प्रदान करें। स्वास्थ्य के लिए हमे जागरूक होना है। जिससे हम समाज का विकास कर सकते है। ब्लड डोनेशन शिविर और स्वास्थ्य परिक्षण शिविर के समापन अवसर पर ब्लड डोनेट करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया।



वहीं एसडीओपी अनुरक्ति सबनानी ने आयोजक संस्थाओं को धन्यवाद देते हुए इस प्रकार के जागरूक आयोजन करने की प्रेरणा दी। दिव्यांग राधा बारिया कक्षा 8 वीं के साथ मिलकर अतिथियों ने पौधारोपण किया।एसडीओपी सबनानी ने दिव्यांग राधा से चर्चा कर उसे पढाई करने की प्रेरणा दी।

फादर पीए थामस ने बताया कि जीवन ज्योति अस्पताल में मल्टी स्पेशलीस्ट सुविधा है। जहां पर आयुष्मान कार्ड के माध्यम से भी निशुल्क उपचार प्रदान किया जाता है। और अन्य गंभीर बीमारियों के लिए हमारे द्वारा मरीजों को सुविधा प्रदान की जाती है। समापन एकलव्य के प्राचार्य सुमीत कुमार, वरिष्ठ पत्रकार सुरेश मुथा, ओंकार सिंह मैडा, जिलाध्यक्ष हरिश राठौड, तहसील अध्यक्ष प्रकाश पडियार, सांवरिया मित्र मंडल से दीपक राठौड, शिवा राठौड, डॉ दादू महाराज संस्थान से अशोक वर्मा,सुमन सोलंकी,अर्जुन ठाकुर, पियुष राठौड आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राहुल मुथा ने किया।

## श्री रामदेव भगवान की ध्वज यात्रा निकाली

**झाबुआ। बुधवार को ढोल ग्यारस पर्व के उपलक्ष में शहर के भक्तजनों द्वारा रूनवाल बाजार से श्रीरामदेव भगवान की ध्वज यात्रा ढोल-धमाकों के साथ निकाली गई, जो जिला चिकित्सालय मार्ग पर श्रीरामदेव मंदिर पहुंचने पर यहां मंदिर में ध्वज चढ़ाए गए।**



बाद दीप सज्जा, पूजन, आरती एवं प्रसादी का आयोजन हुआ। उक्त जानकारी देते हुए रिंकू रूनवाल ने बताया की उक्त कार्यक्रम में मानमल रूनवाल, महिपाल रूनवाल, प्रदीप रूनवाल, मनीष, दिनेश, राजेंद्र, रितेश, अशोक, सुधीर, जितेंद्र, अभय, प्रवीण, बबलू, रिंकू, मुकेश, अजय, संतोष रूनवाल, युवाओं में पराग, मयंक, अंकित, विजय, अनिल रूनवाल परिवार के साथ हरि पटेल, पीयूष, जितेंद्र, कमलेश, दिलीप, संजय, कन्हैया पटेल, पंकज गोखरू, राकेश गोखरू, रितेश मेहता सहित महिलाएं भी बड़ी संख्या में शामिल हुई। ध्वज यात्रा रूनवाल बाजार से थांदला गेट, मेन बाजार, बस स्टैंड चौराहा होते हुए जिला चिकित्सलय मार्ग स्थित श्रीरामदेव मंदिर पहुंची। जहां मंदिर में ध्वज अर्पण के बाद दीपकों से सज्जा की गई। सभी ने भगवान की पूजन कर महाआरती में सम्मिलित हुए। इस दौरान महिलाओं ने मंदिर परिसर में बैठकर श्री रामदेव भगवान के स्तवन एवं सुंदर गीत गाए। समापन पर पियूष पटेल परिवार की और से सभी भक्तों को खीर की प्रसाद का वितरण किया।

**एक नजर** कृषि विकास अधिकारी पेटलावद, थांदला एवं मेघनगर को नोटिस जारी करने के निर्देश

# प्राकृतिक खेती एवं मोटा अनाज को प्रोत्साहित करने पर दिया जोऱ

झाबुआ। कलेक्टर नेहा मीना की अध्यक्षता में कार्यालय कलेक्टर कक्ष में बैठक के दौरान उपस्थित कृषि एवं संबद्ध विभागो के जिला अधिकारियो को निर्देशित किया कि विभागों में संचालित योजनाओ के सफल क्रियान्वयन हेतु रणनीति तैयार करे ताकि समय सीमा में प्रदत्त लक्ष्यों की पूर्ति की जा सके। कृषको को स्वावलंबी बनाने के लिये अगामी रबी मौसम में बीज की उपलब्धता अनुसार बायो फोर्टीफाईड गेहू की किस्मों की काश्त कराने के साथ उनके खेतों में हाई वेल्यू फसलों की काश्त कराने के निर्देश दिये। जिले में खरीफ मौसम अंतर्गत अरहर की कम अवधि में पकने वाली किस्म पुसा अरहर-16 का 1250 हैक्ट. क्षेत्र में किसानो के यहां काश्त कराई गई। कलेक्टर ने कहा कि जिले में प्राकृतिक खेती को बढावा दिया जावे। साथ ही मोटा अनाज जैसे ज्वार, कोदो, रागी आदि फसलो का स्वास्थ्य के प्रति महत्व एवं कम लागत में अधिक लाभ तथा बाजार की अधिक मांग को देखते हुए फसल के रकबे में वृद्धि की जावे, उनके उत्पाद के प्रसंस्करण करने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदत्त किये ताकि कृषको की आय में वृद्धि हो। कलेक्टर द्वारा बैठक में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पेटलावद, थांदला एवं मेघनगर के अनुपस्थित रहने पर नोटिस जारी किए जाने के निर्देश दिए। किसानो को अगामी





रबी मौसम में बीज एवं उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो साथ ही गुणवत्तायुक्त कृषि आदान सामग्री जैसे खाद, बीज, कीटनाशक दवा आदि प्राप्त हो इस हेतु समय पर नमूना लेकर विश्लेषण हेतु प्रयोगशाला को भेजने तथा गुणदोष के आधार पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये तथा अगामी रबी मौसम में नरवाई प्रबंधन का किसानो के मध्य पर्याप्त प्रचार प्रसार कराने के साथ कृषि यंत्रों को बढावा देने के निर्देश दिये। कृषि विभाग अंतर्गत संचालित विभागीय योजनाओ की समीक्षा की गई, मिट्टी नमूनो का समय पर विश्लेषण कर मृदा स्वास्थ्य कार्ड किसानो को समय पर उपलब्ध कराया जावे तथा कृषि सिंचाई यंत्रों के लक्ष्य समय पर पूर्ति कराने के निर्देश विकासखंड स्तरीय अधिकारियो को दिये गये।

**जवाब नहीं दिए जाने पर की नाराजगी व्यक्त-** उद्यानिकी विभाग को टमाटर उत्पादक कृषको का क्लस्टर चयन कर टमाटर ड्रायर ईकाई स्थापित करने के साथ बायर सेलर कंपनी के साथ चर्चा कर उनकी मांग अनुसार उत्पाद उपलब्ध कराया जावे। पीएमएफएमई योजनांतर्गत प्रदत्त लक्ष्यो की पूर्ति हेतु बैंको से समन्वय स्थापित कर निराकरण कराया जावे। कलेक्टर द्वारा बैठक में उप संचालक उद्यानिकी विभाग से विभाग से संबंधित जानकारी पूछे जाने पर जानकारी ना होने व जवाब नहीं दिए जाने के कारण नाराजगी व्यक्त कर नोटिस दिए जाने के निर्देश दिए। पशुपालन विभाग को दुग्ध उत्पादन को बढावा दिये जाने हेतु जोर दिया। साथ ही बेकयार्ड मूर्गीपालन के लक्ष्य की पूर्ति कराये जाने के निर्देश दिये। आचार्य विद्यासागर योजना, सूरभी चयन श्रंखला, मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना, डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना का मिल्करूट वाले क्षेत्रो में अक्रियाशील समिति के स्थान पर दुग्ध उत्पादन को बढावा देने हेतु विशेष प्रचार प्रसार कर कृषको को लाभांवित कराने के निर्देश दिये। साथ ही किसान क्रेडीट कार्ड का प्रदत्त लक्ष्य का समय सीमा में पूर्ति कराने पर जोर दिया। मत्स्य पालन विभाग, को निर्देशित किया कि जिले में निर्मित विभिन्न योजनांतर्गत निर्मित जलाशयो, तालाबों, जल संग्रहण उपरांत अवश्यकता अनरूप समूचित मात्रा में मछली, झींगा पालन हेतु बीजारोपण सुनिश्चित किया जावे। बैठक में सहायक कलेक्टर आशीष कुमार, उप संचालक कृषि एनएस रावत, परियोजना संचालक आत्मा जीएस त्रिवेदी, उपायुक्त सहकारिता डीसी भिडे, उप संचालक पशु चिकित्सा, सहायक संचालक उद्यानिकी, कृषि विज्ञान केन्द्र के कृषि वैज्ञानिक एवं कृषि से संबंद्ध विभागों उद्यानिकी, सहकारिता आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।